गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया

GAIL BHAWAN
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI 110066, INDIA

फोन/PHONE : +91 11 2618 2955
फैक्स/FAX : +91 11 2618 2955
info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2020 18.04.2020

लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वाँ तल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुम्बई – 400051	लिस्टिंग विभाग बीएसई लिमिटेड तल 1, फ़िरोज़ जीजीभोय टॉवर्स दलाल स्ट्रीट मुम्बई – 400001

विषय: प्रेस विज्ञप्ति

प्रिय महोदय/महोदया,
कृपया "लॉकडाउन पश्चात् गेल परियोजना के त्वरित निष्पादन हेतु तत्पर" पर प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपर्युक्त आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु है।

नोट: कोविड 19 के प्रकोप के मध्य घर से कार्यरत रहना गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित बड़े पैमाने पर सूचीबद्ध संस्थाओं के बीच एक उत्तम विकल्प रहा है। अत: हम दिनांक 24.03.2020 को सूचीबद्ध कंपनियों को ई-मेल के माध्यम से संचारित 'एनईएपीएस पोर्टल पर प्रस्तत करने हेतु दिशानिर्देशों' के अंतर्गत आवश्यकतानुसार एसडी मोड के तहत उक्त प्रकटीकरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

धन्यवाद
भवदीय

हस्ता /-
(ए के झा)
कंपनी सचिव
संलग्न: उपरोक्तानुसार

<u>प्रति :</u>

1. ड्यूश बैंक एजी, फ़िलीआले मुम्बई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्वेसेस, द कैपिटल, 14वीं मंज़िल,
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
   मुम्बई - 400051

प्रेस विज्ञप्ति

गेल (इंडिया) लिमिटेड

लॉकडाउन पश्चात गेल परियोजनाओं के त्वरित निष्पादन हेतु तत्पर

नई दिल्ली, 18 अप्रैल, 2020: कोविड -19 के कारण हुए लॉकडाउन के समाप्त होने पर गेल राष्ट्रीय महत्व की विभिन्न हाइड्रोकार्बन बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं के निर्माण को पुन: प्रारम्भ करने के लिए तत्पर है। गैस आधारित अर्थव्यवस्था के विस्तार को सक्षम करने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को प्रारंभ करने के लिए, गेल ने अपनी सहायिकियों और जेवी कंपनियों के साथ विभिन्न अवस्थितियों एवं परिस्थितियों हेतु कैच-अप योजनाएं तैयार की हैं ताकि कार्य समय से बिना किसी स्लिपेज के संपन्न हो सकें।

राज्यों में स्थानीय प्रशासनिक प्राधिकारियों के सहयोग से 20 अप्रैल, 2020 से प्रारंभ करते हुए लघु अवधि से मध्यम अवधि के उपायों को प्रारंभ किया जाएगा। कंपनी ने सभी संबंधितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लॉकडाउन अवधि के दौरान विभिन्न कार्यस्थलों / शिविरों में काम कर रहे प्रवासी मजदूरों के निरंतर ठहरने की व्यवस्था की है।

भारत सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों / दिशानिर्देशों के अनुपालन में परियोजना स्थलों और कार्य केंद्रों पर मास्क के उपयोग को बढ़ावा देने, स्वच्छता और सामाजिक दूरी के मानदंडों को सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत एसओपी / प्रोटोकॉल भी तैयार किए गए हैं।

इसी के साथ साथ , गेल ने उर्वरक, विद्युत, रिफाइनरी और शहर गैस वितरण जैसी महत्वपूर्ण डाउनस्ट्रीम उपयोगिताओं के लिए ओएमसी को प्राकृतिक गैस और एलपीजी की सुरक्षित और निर्बाध आपूर्ति बनाए रखी है।

लॉकडाउन के दूसरे चरण की समाप्त होने पर पूर्ण गतिविधियों को पुन: प्रारंभ करने के लिए समर्थन हेतु विभिन्न मुद्दों पर मार्गदर्शन लेने के लिए कंपनी का प्रबंधन नोडल मंत्रालय के साथ नियमित संपर्क में है। निकट भविष्य में सामान्य स्थिति में लौटने के लिए गेल की तत्परता योजना के तहत प्रमुख हितधारकों को वर्तमान घटनाक्रमों के साथ-साथ प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत करा दिया गया है।

परिचालन प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के साथ साथ गेल और उसके कर्मचारी लगभग रु.54 करोड़ **' PM CARES FUND'** में योगदान कर इस रोग से लड़ने में भी सबसे आगे रहे हैं। । इसके अलावा गेल ने अब तक देश भर के विभिन्न जिला प्रशासनों को पीपीई, वेंटीलेटर्स, मास्क और अन्य चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए 3.5 करोड़ रुपये से अधिक का सहयोग प्रदान किया है। भोजन के पैकेट, राशन किट आदि का वितरण भी कई स्थानों पर समाज के हाशिए पर स्थित और जरूरतमंद वर्गों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए किया जा रहा है।